
## मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा, नारी स्वाबलंबन एवं नारी सम्मान हेतु विशेष अभियान चलाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को चौपाल/पुलिस की पाठशाला लगाकर जागरूक किया जा रहा है।

मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद महोबा के थानों में नियुक्त एण्टीरोमियो/शक्ति दीदी टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के ग्रामों में भ्रमण कर जनचौपाल का आयोजन कर महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत आज दिनांक 03.06.2024 को शक्ति दीदी (महिला बीट तथा महिला हेल्प डेस्क) के माध्यम से जनपद के थानों पर आउटरीच प्रोग्राम चलाकर अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत आबादी क्षेत्र, बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, मेलों एवं गांव में पहुंचकर बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक किया गया तथा

इस दौरान महिलाओ एवम् बालिकाओं को मिशन शक्ति (नारी सुरक्षा,नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन) अभियान के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और विभिन्न परिस्थियों पर उनके सहायतार्थ जारी हेल्प लाइन नम्बर-112, 108, 181, 1076, 1090,1098 की जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग की विस्तृत जानकारी दी गई । साइबर अपराधों से बचाव के बारे में बताया गया और यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर अपराध की घटना घटित होती है तो तत्काल साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराये सूचना दर्ज होने के उपरान्त त्वरित कार्यवाही की जायेगी




## थाना अजनर पुलिस टीम ने 05 किलो अवैध गांजा के साथ 02 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन मे एंव अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियो पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे स्वापक पदार्थ चेकिंग व गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष अजनर उ0नि0 श्री प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित की गयी टीम के व0उ0नि0 अनिरूद्ध प्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा बिजौरी बार्डर (म0प्र0-उ0प्र0) की सीमा पर वाहन चैकिंग के दौरान ग्राम बिजौरी से 02 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.मोहम्मद हकीम पुत्र सरीफ उल्ला उम्र 28 वर्ष के कब्जे से 03 किलोग्राम सूखा गांजा नाजायज, 1200 रू0 व 01 अदद मोबाइल व 2.दीपक राय पुत्र रमेश राय उम्र 24 वर्ष के कब्जे से 02 किलोग्राम सूखा गांजा (कुल 05 किलोग्राम) अवैध सूखा गांजा नाजायज बरामद करते हुये नियमानुसार गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियक्तों के विरुद्ध थाना अजनर पर क्रमशः मु.अ.स. 106/2024 व मु.अ.सं. 107/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया, बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगणों को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी उपरान्त जेल भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1.मोहम्मद हकीम पुत्र सरीफ उल्ला उम्र 28 वर्ष निवासी मोहल्ला परसौलियाना राठ, थाना राठ, जनपद हमीरपुर, हालपता- ग्राम सिकन्दरपुर तहसील व थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार (उत्तराखण्ड)

2.दीपक राय पुत्र रमेश राय उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम हरपालपुर थाना हरपालपुर जनपद छतरपुर (म0प्र0)

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.व0उ0नि0 अनिरूद्ध प्रताप
2.उ0नि0 हरि शंकर यादव
3.उ0नि0 हार्दिक सिंह
4.उ0नि0 पवन गौड
5.का0 सूर्यांश बुन्देला



# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 03.06.2024

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा सम्बन्धित को समस्या निस्तारण हेतु जरिये दूरभाष दिये गये आवश्यक निर्देश।

जनपद महोबा में पीड़ित/शिकायतकर्ता की समस्याओं के समुचित एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की जा रही है।

जनता की समस्याओं के समाधान के क्रम में आज दिनांक 03.06.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा फरियादियों/जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा जनता की समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण सुनिश्चित किये/कराये जाने के लिए सम्बन्धित को मौके पर जरिये दूरभाष आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित को आदेशित किया गया कि मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें, लापरवाही की सूचना पर सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावती प्रदान की गयी साथ ही शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।









प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 03.06.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांक 03.06.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपदीय पुलिस बल द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।


















उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक- 03.06.2024**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में प्रभारी यातायात द्वारा चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान, वाहन चालकों को पढाया यातायात नियमों का पाठ...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 मतगणना के दृष्टिगत अपराधों की रोकथाम एवं जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने व यातायात व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने के उद्वेश्य से निरन्तर सघन चेकिंग/जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके क्रम में आज दिनांक 03.06.2024 को प्रभारी यातायात महोबा श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा विशेष अभियान के तहत यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद के विभिन्न स्थलों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया साथ ही दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु बिना हेलमेट/शीटबेल्ट लगाकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध अभियान चलाया गया व दुर्घटना से बचाव हेतु हेलमेट/शीटबेल्ट के महत्व को बताते हुए यातायात नियमों का पाठ पढाया गया।

इसी क्रम में शहर के मुख्य स्थानों पर काली फिल्म, हूटर, दोषपूर्ण नम्बर प्लेट, हेलमेट, सीट बेल्ट की चेकिंग की गई एवं चालान किए गए । यातायात पुलिस टीम द्वारा आमजनमानस/वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए सभी को यातायात नियमों का पालन किये जाने की अपील की जा रही है, जिससे जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं को होने से रोका जा सके।






प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 03.06.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## अग्निसुरक्षा के दृष्टिगत फायर टीम महोबा द्वारा जनपद के विभिन्न स्थलों में भ्रमण कर अग्निशमन उपकरण को चेक किया गया तथा मॉकड्रिल कर अग्निशमन उपकरणों के प्रयोग करने की विधि को बताया गया।

ग्रीष्मऋतु के दृष्टिगत अग्निसुरक्षा से बचाव हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर आज दिनांक 03.06.2024 को जनपद महोबा में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्री देवेश तिवारी के निकट पर्यवेक्षण में अग्निशमन टीम महोबा द्वारा जनपद महोबा में अवस्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों इत्यादि का फायर ऑडिट किया गया एवं वहाँ लगे अग्निशमन उपकरणों को चेक किया गया वहाँ मौजूद स्टाफ को अग्निशमन उपकरण चलाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया एवं संबंधित को अग्निशमन व्यवस्था से संबंधित उपकरणों को स्थापित किये जाने एवं उन उपकरणों को सदैव क्रियाशील रखने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये, इस दौरान आग बुझाने के विभिन्न तरीकों को मॉकड्रिल के माध्यम से बताया गया एवं सभी को अग्निसुरक्षा से बचाव हेतु जागरुक करते हुए जागरुकता पम्पलेट्स का वितरण किया गया।














उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक- 03.06.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा संयुक्त रुप से लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना के सम्बन्ध में पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों/कर्मचारियों की ब्रीफिंग की गई, दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन - 2024 की 47-हमीरपुर-महोबा संसदीय क्षेत्र की मतगणना 04 जून 2024 को मतगणना स्थल- राजकीय पॉलीटेक्निक कालेज, महोबा में होना सुनिश्चित है, जिसके दृष्टिगत मतगणना को निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु आज दिनांक 03.06.2024 को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी महोबा श्री मृदुल चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा संयुक्त रुप से पुलिस लाइन महोबा में मतगणना ड्यूटी में लगे जनपदीय पुलिस प्रशानिक अधिकारियों /कर्मचारियों की ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

ब्रीफ करते हुए निर्देशित किया गया कि मतगणना स्थल व शहर के विभिन्न स्थानो पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत भारी संख्या मे अर्धसैनिक बल, पीएसी, पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गयी है, जिससे मतगणना को सुरक्षित परिवेश मे शान्तिपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराया जा सके। ब्रीफिंग के दौरान सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित अधिकारों/कर्तव्यों के बारे में विस्तार से अवगत कराते हुये कहा कि सभी मतगणना स्थल/स्ट्रांग रूम पर सतर्कता बरतते हुए कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें ताकि मतगणना को निष्पक्षता एवं शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया जा सके । मतगणना डयूटी एक अतिमहत्वपूर्ण डयूटी है इसमे किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये तथा सभी पुलिस बल की गरिमा बनाये रखते हुए पूर्ण सतर्कता बरतते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे । समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवं थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में संवेदनशील स्थानों पर पिकेट/गश्त की व्यवस्था सुनिश्चित कर किसी भी प्रकार का जुलूस आदि नही निकालने देंगे तथा क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाये रखेगे ।

मतगणना स्थल में सुरक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ प्रबन्ध किये गये हैं जिसके लिये मतगणना स्थल पर त्रिस्तरीय सुरक्षा प्रबन्ध किया गया है। 1.आइसोलेशन कार्डन 2.इनर कार्डन 3.आउटर कार्डन । इन तीनों कार्डन के प्रभारी राजपत्रित पुलिस अधिकारी होंगे। मतगणना हेतु पुलिस बल की तीन शिफ्टों में ड्यूटी लगाई गई है। सभी शिफ्टों में कुल 01 अपर पुलिस अधीक्षक, 03 पुलिस उपाधीक्षक/क्षेत्राधिकारी, 21 निरीक्षक, 84 उपनिरीक्षक, 65 मुख्य आरक्षी, 246 आरक्षी, 30 महिला आरक्षी, 19 यातायात मुख्य आरक्षी/आरक्षी, 01 कम्पनी पीएसी एवं 01 कम्पनी 03 सेक्शन सीएपीएफ बल को व्यवस्थापित किया गया है।

इस दौरान ब्रीफिंग में अपर जिलाधिकारी श्री रामप्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम्, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष सहित मतगणना ड्यूटी में नामित जनपदीय पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण तथा सीएपीएफ के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे ।